<u>**Seventeenth Loksabha**</u>

an>

Title: Regarding alleged irregularities in implementation of PMAY –G - laid.

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के लिए बनाई गई थी और जरुरतमंद परिवारों को इसका लाभ वर्ष 2011 में हुए सर्वे के आधार पर दिया गया । इस योजना का नाम प्रधानमंत्री जी से जुडा है । इसमें किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नही होना चाहिए । पहले Website पर लाभार्थियों के नाम दिखते थे उसे बंद कर दिया और कथित भष्ट्राचार शुरू हो गया, वर्तमान में इस सूची में अधिकतर उन लोगो के नाम हैं जिनके पास खुद के नाम मकान है, कारणवश जरुरतमंद लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. अत: इस योजना का लाभ देते समय उसके पारिवारिक संपत्ति की जांच की जाए, नये सिरे से सर्वे कराकर वंचित परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाए, इस कथित भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियो पर उचित कार्यवाही की जाये साथ ही पहले की तरह Website पर लाभार्थियों का नाम दिखाए जाए I